**खबर संक्षेप**

## एक मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

**कटनी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में मकान सूचीकरण 1 मई से 31 मई तक किया जाएगा। इस हेतु मकानों के नंबरिंग का कार्य जनगणना चार्ज स्तर पर संपादित किया जा रहा है। इसी अवधि में कलेक्टर के निर्देश पर डोर-टू-डोर जाकर ई-केवाईसी, फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड भी अभियान चलाकर बनाये जायेंगे। मकान नंबरिंग हेतु पटवारी एवं सचिवों को संयुक्त रूप से समस्त ग्रामों में डोर-टू-डोर भ्रमण कर मकान नंबरिंग डलवाने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त मकानों में नंबरिंग उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर की जाएगी। जारी निर्देश में पटवारियों को इस कार्य के साथ ही हितग्राहियों के फार्मर आईडी बनाने एवं ग्राम पंचायत सचिवों को समग्र ईकेवायसी करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही डोर-टू-डोर मकान नंबरिंग के दौरान आशा कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता शेष बचे समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे। जारी निर्देश में स्पष्ट किया है कि समस्त खण्डस्तरीय अधिकारी सौंपे गये कार्यों की विधिवत मानिटरिंग करेंगे और उक्त कार्य 7 दिवस में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों द्वारा लापरवाही किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की हुई बैठक

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दरों के निर्धारण को लेकर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों का विस्तारपूर्वक अवलोकन, परीक्षण एवं गहन चर्चा की गई। बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत प्रस्तावों को समिति के समक्ष उचित निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया, जिन पर सहमति बनाते हुए प्रस्ताव पारित किए गए। समिति द्वारा पारित इन प्रस्तावों को आमजन के सुझाव, दावा एवं आपत्तियों के लिए सार्वजनिक कर दिया गया है। जिला पंजीयक पंकज कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित प्रस्ताव कार्यालय जिला पंजीयक एवं अधीनस्थ उप पंजीयक कार्यालयों में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। महानिरीक्षक के निर्देशानुसार अवकाश दिवसों में भी सभी पंजीयन कार्यालय संचालित रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रस्तावित गाइडलाइन दरों के संबंध में अपने सुझाव, दावा या आपत्तियां 21 मार्च (शनिवार) सायं 5 बजे तक संबंधित कार्यालयों में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार कर गाइडलाइन दरों का अंतिम निर्धारण किया जाएगा।

## महावीर स्वामी की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**कटनी।** अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी की जयंती पावन अवसर पर 08 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जावेगे। पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि आगामी 25 मार्च दिन बुधवार को शांतिनाथ रूंगटा मंदिर एवं 26 मार्च दिन गुरूवार को महावीर कीर्ति स्तंभ एवं 28 मार्च दिन शनिवारे पाश्र्वनाथ दिग.जैन कांच मंदिर से प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी निकाली जावेगी। 29 मार्च दिन रविवार को प्रातः 6.00 बजे महावीर कीर्ति स्तंभ विशाल वाहन रैली तथा 30 मार्च दिन सोमवार को प्रातः 7.00 बजे महावीर चैक से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा धर्मप्रभावना हेतु निकाली जावेगी। इस अवसर पर दिग.जैन सोशल गुरप रायल द्वारा जैन धर्मशाला में विशाल रक्त शिविर का आयोजन किया जावेगा। दिनांक 31 मार्च दिन मंगलवार को दोपहर 1.00 बजे दिग.जैन सोशल गुरप रायल द्वारा महावीर कीर्ति स्तंभ झंडा बाजार में भोजन का वितरण किया जावेगा। पंचायत महासभा के सचिव विन्नी जैन-पीयूष एवं उपाध्यक्ष शरद सरावगी ने समस्त सधर्मी बन्धुओं एवं माताओं बहनो से कार्यक्रमों शामिल होने की अपील की है।

### चैत्र नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

# देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा भक्ति एवं आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



आस्था का महापर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार को माता शैलपुत्री की आराधना के साथ आरम्भ हो गया। देवी को जल चढ़ाने के लिए भोर की बेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देवी मंदिरों और घरों में श्रद्धा के साथ कलश और जवारों की स्थापना की गई। सुबह से देवी मंदिरों में जल ढारने के लिए भक्तों का सैलाब देखने को मिला।गुरुवार को बहोरीबंद विकासखण्ड के प्रमुख खड़रा स्थित शारदा मंदिर, पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर, तिंगवा स्थित शारदा मंदिर ,स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं भक्त उमड़े। श्रद्धालुओं ने धैर्य के साथ मातारानी के दर्शन व पूजा की । दिन भर मन्दिरों में भक्तों का आना जारी रहा। मन्दिरों औऱ घरों में कलश स्थापित कर नौ दिनी अनुष्ठान शुरू किया गया। भक्तों ने घरों व मन्दिरों में आस्था रूपी ज्योत प्रज्वलित की।वही भक्तों ने उपवास भी रखा।

### कलश शोभायात्रा के साथ देवी कथा एवं नवाहयज्ञ शुरू

चैत्र नवरात्र के अवसर पर स्लीमनाबाद स्थित चंडी माता मंदिर मे गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ देवी कथा व नवाहयज्ञ शुरू हुआ।कलश शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण करते हुए चंडी माता मंदिर पहुंची जहाँ विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवी भागवत नवाह यज्ञ शुरू हुआ। देवी कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है और इसी दिन से विक्रम संवत भी शुरू माना जाता है। इस वर्ष लगभग 90 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जब माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी। माता का पालकी पर आगमन जनमानस के लिए मिश्रित फलदायी माना जाता है और यह विश्व में कुछ अशांति व उथल-पुथल के संकेत देता है। हालांकि राहत की बात यह है कि माता की विदाई हाथी पर होगी। हाथी पर विदाई को अत्यंत शुभ माना गया है जो देश में सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम वर्षा का सूचक है।चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक मातारानी के दरबार मे भक्तो का तांता लगेगा।जहाँ मातारानी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जाएगी।

### एक ही रात में बनकर तैयार हुआ बड़ी माई मंदिर का मंदिर

उमरियापान स्थित बड़ी माई मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर को लेकर मान्यता है कि इसका निर्माण दैवीय शक्ति से एक ही रात में हुआ था, जिसे किसी ने बनते हुए नहीं देखा। मंदिर की प्राचीनता का प्रमाण यहां मौजूद पुराने पत्थरों एवं शिलालेखों से मिलता है।चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर बड़ी माई मंदिर में पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिल रही है। दूर-दराज से आए भक्तजन मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना कर रहे हैं। परंपरा के अनुसार श्रद्धालु यहां जवारे बोते हैं और नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा करते हैं।पहले दिन देर शाम मंदिर में जवारें बोए गए। मान्यता है कि सच्चे मन से मां बड़ी माई के दरबार में प्रार्थना करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि नवरात्रि के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। पूरा क्षेत्र भक्ति व उत्साह के वातावरण से सराबोर हो जाता है। मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं।

### देवी मंदिरों में लगी भक्तो की भीड़

सिलौंडी क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मां वीरासन देवी और महादेवी मंदिर दशरमन में सुबह से ही दर्शन करने को भक्तो की भीड़ लग गई ।क्षेत्र के मां कंकाली देवी मंदिर कुंसरी, मां चौसठ योगी मंदिर खमरिया बागरी ,सहित सभी देवी मंदिर में भक्तों ने माता रानी का पूजन अर्चन और आरती किया । बड़ी संख्या में महिलाएं बालिकाएं ने सुबह गांव के देवी मंदिरों में जल चढ़कर पूजन अर्चन किया ।सिलौंडी के पंचमुखी हनुमान मंदिर दरबार में नव दिवसीय देवी पुराण की कलश यात्रा निकाली गईं जिसमे बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए ।



# जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण और संचयन को बढ़ावा देने हेतु "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" का शुभारंभ श्रद्धा और जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसके पश्चात बड़वारा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम स्थित काली माता मढ़िया में ब्रह्म पताका चढ़ाकर ग्रामवासियों के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। इसके बाद ग्राम विलायतकला की प्राचीन जल बावड़ी पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया।

अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने ग्रामवासियों से अपने घरों में सोक पिट बनाने की अपील करते हुए जल संचयन को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभावती टेकाम, नायब तहसीलदार, सहायक यंत्री प्रियंका लखेरा, एपीओ अजीत सिंह, बबीता सिंह, राजेश श्रीवास्तव, उपयंत्री पूजा नागर, सचिव स्नेहलता सिंह, योगेंद्र रजक सहित जन अभियान परिषद की नंदिनी वाटिया, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

*जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी किया श्रमदान*

# जल के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने निकाली गईं मंगल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा गुरुवार से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत गुरुवार को बहोरीबंद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों मे कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ बैंड बाजे के साथ ग्राम मे कलश यात्रा निकाली गईं जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित जनमानस को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

### बाकल मे हुआ विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम

जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बाकल मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल सरंक्षण व जल संवर्धन का संकल्प दिलाया गया व जल संरक्षण के महत्व व उद्देश्य को जनभागीदारी जनसहयोग के महत्व को समझाया गया। बाकल में गुराही जलाशय पावर हाउस के पास में अधिकारी कर्मचारी , जनप्रतिनिधियों व आम जनमानस ने जन सहयोग से गुराही जलाशय में साफ सफाई की गई व कचरा को तालाब से बाहर निकाला गया! जनपद सीईओ अभिषेक कुमार के द्वारा जनप्रतिनिधियों व आम जनों को जल संरक्षण व जल संवर्धन के तहत किए जाने पुरानी जल संरचनाओं व नवीन निर्मित होने वाली संरचनाओं के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई। जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा कि 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलेगा इस अभियान में समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरचना व संरक्षण व संवर्धन के कार्य हो सके व उक्त अभियान जन आंदोलन बन सके इसलिए सभी की सहभागिता जरूरी।

इस दौरान एपीओ मूलचंद सिंगरौले,ब्लॉक समन्वयक नवीन साहू, मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, जिला महामंत्री कमलेश सेन, पूर्व जिला महामंत्री राजेश चौधरी, सरपंच फोरम अध्यक्ष मनोज पटेल,सचिव बेड़ीलाल चौधरी, सहायक सचिव दीपक दुबे, राजीव पटेल, अनिल दुबे, नीलेश जैन, करीम खान,शुभम सोनी, गोविंद चौधरी, अमन जैन, नारायण पटेल,काशीराम पटेल,बल्लू ताम्रकार, संतोष पटेल, सूरत पटेल आदि की उपस्थिति रही।

### उमरियापान में रोजाना लग रहे जाम से हो रही फजीहत



उमरियापान में लगातार बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था के चलते लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उमरियापान की सभी सड़कों पर जाम लगता है। मुख्य बाजार सहित झंडा चौक, बस स्टैंड और आजाद चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।जाम का प्रमुख कारण सड़कों के किनारे बेतरतीब खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन और दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण है। दुकानों के बाहर तक सामान फैलाने से सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। इसके अलावा नगर में न तो व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई देती है। बरातरे, स्लीमनाबाद रोड, झंडा चौक मुख्य बाजार और सिहोरा रोड सहित कई स्थानों पर दिनभर रुक-रुक कर जाम लगता रहता है। इसके चलते जहां मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटनाओं और विवाद की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन चालक मनमाने ढंग से कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। पैदल चलने वालों को भी सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।

# मनरेगा में सौ दिवस कार्य करने वाले पुरूषों महिलाओं को कृषि उद्यमी का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित करने हेतु जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवारा कला की 35 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली स्व-सहायता समूह एवं मनरेगा में 100 दिवस कार्य कर चुके परिवारों के महिला एवं पुरुषों को प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी के अंतर्गत जलवायु भूमि के प्रकार, पोषक तत्व, मिट्टी परीक्षण, जैविक खाद एवं कीटनाशक, जैविक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण, खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एवं सब्जी फसलों के साथ सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर, टपक सिंचाई, शुष्क भूमि, कृषि तकनीकी, लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली, औषधीय एवं सुगंधित तथा फूल वाले पौधे, पशुपालन, पादप प्रसार तकनीक के अंतर्गत ग्राफ्टिंग, बडिंग, लेयरिंग, नर्सरी प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित जानकारी दी गई। जैविक खेती की आवश्यकता, भूमि, मानव एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान, रासायनिक खाद से नुकसान एवं जैविक खेती के फायदे तथा जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीमच ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग की जानकारी एवं मूल्यांकन परीक्षा रामसुख दुबे द्वारा किया गया।

*जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कटाएघाट कटनी नदी सफाई के लिए आगे आये सैकड़ों नागरिक*

# कटाएघाट में मानव श्रृंखला बनाकर अपशिष्ट निकाल भेजा ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गुरुवार से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रातः 8 बजे कटाए घाट स्थित कटनी नदी में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जो जनसहभागिता की उत्कृष्ट मिसाल बनकर सामने आया। राज्य शासन के निर्देश पर 19 मार्च से प्रारंभ यह अभियान 30 जून तक चलेगा।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन ने सामूहिक श्रमदान कर नदी की सफाई करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया।

सफाई अभियान के दौरान घाट क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई की गई। जनसहयोग एवं सामूहिक श्रमदान से नदी में जमी सिल्ट, चोइ, पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। घाट की सीढ़ियों पर मानव श्रृंखला बनाकर तसलों व बैग के माध्यम से कचरे को ऊपर खड़े निगम के वाहनों तक पहुंचाया गया। इस दौरान लगभग तीन ट्राली अपशिष्ट एकत्र कर प्लांट भेजा गया। कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि कटाए घाट स्थित कटनी नदी में जल स्त्रोतों में जमा जलकुंभी एवं चोई की सफाई हेतु आज से प्रारंभ अभियान, पूर्ण रूप से नदी की सफाई हो जाने तक निरंतर जारी रहेगा।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, जल स्त्रोतों की सफाई, जीर्णोद्धार एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसे विभिन्न कार्य जनसहभागिता से किए जाएंगे, जिससे जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, ब्रांड एम्बेसडर श्रीमती नीलम जगवानी, निशा मिश्रा, आशुतोष मानके सहित नगर निगम के उपायुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री आदेश जैन, अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, शैलेन्द्र प्यासी, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, योगेश पवार, आलोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने वसूली कार्य में तेजी लाने अधिकारियों के दिये निर्देश

# तहसीलदार नजूल का वेतन काटने किया निर्देशित, नायब तहसीलदार को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ राजस्व कार्यों और प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित किया जाय। वसूली कार्य में बेहतर प्रगति लायें। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व वसूली के लिये निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित हो अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये बाध्य होना पड़ेगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा के दौरान दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व अधिकारियों को उनके लिये निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व राजस्व वसूली का शत-प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नजूल भूमि से स्वीकृत पट्टे जिनमें वसूली का कार्यवाही शेष है, उन प्रकरणों में शीघ्र वसूली सुनिश्चित हो। इसी प्रकार पुनर्वास भूमि में पूर्व में स्वीकृत पट्टे जो आवासीय प्रयोजन हेतु स्वीकृत किये गये थे और यदि वर्तमान में भी यह पट्टे आवासीय प्रयोजन के हैं तो इनके नवीनीकरण की कार्यवाही की जाय।

### शीघ्र करें निराकरण

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दो-टूक निर्देश दिया कि राईस मिल, वेयरहाउस, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप, मॉल और व्यावसायिक शोरूमों के ऊपर लंबित वसूली का कार्य किया जाय। इसके लिये अतिरिक्त दल गठित कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश अपर कलेक्टर श्री मिश्रा को दिये गये। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित दो से पांच वर्ष और एक से दो वर्षों के लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

### धीमी प्रगति पर फटकार

समीक्षा के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अत्यंत कम प्रगति पाये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये नायब तहसीलदार सिंगौड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निदेश दिए। इसी प्रकार राजस्व अधिकारियों की बैठक में अत्यंत विलंब से उपस्थित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार नजूल नेहा जैन को एक दिन अवैतनिक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीमांकन, बटवारा और नामांकन प्रकरणों में सभी एसडीएम को अपने अधीनस्थ न्यायालयों की औचक जांच कर तेजी लाने की हिदायत दी। वहीं कलेक्टर ने नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन राजस्व न्यायालयों की नामांतरण प्रकरणों में प्रगति 90 प्रतिशत से कम हैं, वे और अधिक तेजी लाकर प्रगति लायें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, विंकी सिंहमारे उईके, ज्योति लिल्हारे, एसडीएम ढ़ीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता सहित सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहें।

## तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया भवन निर्माण

**सिलौड़ी।** सीनियर कन्या कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास का भवन तीन साल पहले स्वीकृत होने के बाद भी आज तक निर्माण कार्य शुरू नही हो सका। कुछ छात्राएं किराए का कमरा लेकर आगे की पढ़ाई करने को मजबूर है। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने अनेक बार जिला स्तर पर कन्या आदिवासी छात्रावास का भवन निर्माण शुरू करने की बात कही परंतु अभी तक निर्माण शुरू नही होने से सत्र 2026-27 में भी पढ़ाई की राह कठिन हो चुकी है। आदिवासी बाहुल्य कचनारी, धनवाही , मुखास सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द भवन बनाने और अभी इस सत्र से एक भवन में अस्थाई सीनियर छात्रावास बनाने की मांग किया है ।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (मध्यप्रदेश)**

क्रमांक/2983/आर डी एम/2026 कटनी दिनांक- 10/3/2026

**इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेसर्स नायरा एनर्जी लिमिटेड द्वारा आवेदक श्री श्रेय अग्रवाल आ. श्री नीरज कुमार अग्रवाल साकिन हाउस नं. 402 वार्ड नं. 11 नियर पवनदीप पेट्रोल पंप ग्राम स्लीमनाबाद जिला कटनी का ग्राम खमरिया जिला कटनी के खसरा नं. 570, 571 में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 35X35=1225 वर्ग मीटरमें रिटेल आउटलेट डीजल/पेट्रोल पंप की स्थापना हेतु अनापति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

अत: आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था/व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
जिला-कटनी

# तेंदूखेड़ा वन क्षेत्र में बंदरों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने अनूठी पहल

## शिक्षक ने सड़क किनारे लगे पेड़ों पर लगाई तख्तियां राहगीरों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़/तेंदूखेड़ा





घने जंगलों से गुजरने वाले हाईवे मार्गों पर बंदरों की वजह से हो रही लगातार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सराहनीय पहल सामने आई है। शिक्षक एवं समाजसेवीयों द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों और राहगीरों को समझाइश दी जा रही है कि वे सड़कों पर खाद्य सामग्री न डालें। तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के अंतर्गत आने वाले, कंसा, सांगा, पांजी मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से बंदरों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। इसका मुख्य कारण राहगीरों और बस चालकों द्वारा सड़क किनारे फल-सब्जियां एवं अन्य खाद्य सामग्री डालना है, जिससे बंदर सड़कों पर एकत्रित हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी समस्या के समाधान के लिए शिक्षक महेंद्र कुमार दीक्षित और मनोहर सिंह ठाकुर ने पहल करते हुए जंगल से गुजरने वाले मार्गों के किनारे पेड़ों पर चेतावनी तख्तियां लगवाई हैं। इन तख्तियों के माध्यम से वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि वे खाद्य सामग्री सड़क पर न डालें, बल्कि जंगल के अंदर सुरक्षित स्थानों पर ही बंदरों को भोजन उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही दोनों समाजसेवियों ने बस चालकों एवं अन्य वाहन चालकों को रोककर समझाइश दी कि सड़क पर भोजन डालना सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग जिम्मेदारी निभाते हुए इस आदत में सुधार करें। चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर समाजसेवियों द्वारा जंगल के भीतर जाकर बंदरों के लिए टमाटर, केले, चना आदि खाद्य सामग्री भी डाली गई। जिससे पिछले कुछ दिनों से भूखे बंदरों को राहत मिली समाजसेवियों ने जिला वन मंडल अधिकारी से भी मांग की है कि जिले के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों जैसे तेंदूखेड़ा से तेजगढ़, झलोन से बगदरी तथा तेंदूखेड़ा से तारादेही वन परिक्षेत्र में भी इस प्रकार की चेतावनी तख्तियां लगाई जाएं। साथ ही जंगलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंचू गड्ढे या सीमेंट की छोटी टंकियां बनाने की आवश्यकता भी जताई गई है, ताकि भीषण गर्मी में वन्यजीवों को पानी मिल सके।

## लोधी समाज के नेतृत्व में आज नोहटा प्रस्थान होगी विशाल वाहन रैली

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही की लोधी क्षत्रिय समाज के द्वारा आज विशाल वाहन रैली वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर नोहटा जाएगी। लोधी क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने बताया कि सुबह 9 बजे नगर के रेस्टहाउस में एकत्रिकरण होगा सुबह 10 बजे वाहन रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नोहटा तहसील ग्राउंड प्रस्थान करेगी। समस्त लोग से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## बंशीपुर ग्राम के पास बेहोशी की अवस्था में मिला युवक

**जबेरा।** नजदीकी ग्राम बंशीपुर जो कि जबेरा थाना अंतर्गत आता है उक्त बंशीपुर ग्राम में एक युवक मंगलवार की रात्रि से बेहोशी की अवस्था में ग्राम के पास पड़ा हुआ था। ग्रामवासियों द्वारा डायल 112 पर कॉल किया गया डायल 112 ड्यूटी में तैनात आरक्षक प्रशांत दुबे,पायलट विजय नायक बुधवार की सुबह 11 बजे मौके पर पहुंचे युवक को उठाते हुए डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा लेकर पहुंचे जहां पर पदस्थ डॉक्टर द्वारा युवक का इलाज जारी है।वहीं युवक की पहचान अभी नहीं की जा सकी है युवक के होश में आने के बाद ही घटना के संबंध में जानकारी उपलब्ध हो पाएगी कि युवक कहां का है तथा वह बंशीपुर कैसे पहुंचा उसकी यह हालत कैसे हुई।

# दिव्य आस्था का केंद्र: बनवार का खेर माता मंदिर, नवरात्रि में उमड़ता है श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के बनवार क्षेत्र में स्थित खेर माता मंदिर इन दिनों चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर न केवल अपनी प्राचीनता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि एक ही परिसर में अनेक देवी-देवताओं की दिव्य उपस्थिति इसे "सर्व देव मंदिर" के रूप में विशेष पहचान दिलाती है।

मंदिर के मुख्य द्वार पर देवाधिदेव महादेव, प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश और माता पार्वती की सपरिवार भव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का स्वागत करती हैं। प्रवेश करते ही जलहरी पर विराजमान अति प्राचीन शिवलिंग के दर्शन होते हैं, जहां भक्त जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। मंदिर परिसर में भगवान नरसिंह की प्राचीन प्रतिमाएं, गर्भगृह में स्थापित चौंसठ योगिनी माता की दुर्लभ मूर्ति, दक्षिणमुखी हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा और श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी व राधा-कृष्ण के भव्य मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। पूरे दिन भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहते हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता के दरबार में शीश नवाते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

वहीं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ, भजन संकीर्तन, विशेष श्रृंगार दर्शन और महाआरती जैसे आयोजन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि खेर माता मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। यही कारण है कि हर वर्ष चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है। बनवार का खेर माता मंदिर आज न केवल धार्मिक स्थल, बल्कि पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुका है।

## श्रीराम महायज्ञ व अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ, दस दिन तक गूंजेगा रामनाम

**बनवार।** जनपद जबेरा के ग्राम पौंडी महराज सिंह (महुआखेड़ा) में धार्मिक आस्था और भक्ति से सराबोर वातावरण के बीच कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में 19 मार्च से 28 मार्च तक भव्य श्रीराम महायज्ञ एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस 10 दिवसीय मांगलिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस अनुष्ठान में वेद मंत्रों की गूंज, अखंड रामायण पाठ और विविध धार्मिक क्रियाएं वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता की संभावना है, जिससे पूरा क्षेत्र राममय होने जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में यज्ञाचार्य पं. श्री राम मिलन मिश्र शास्त्री के सान्निध्य में विधि-विधान से यज्ञ संपन्न होगा। साथ ही परम पूज्य श्री 1008 सीता शरण जू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कार्यक्रम में पं. श्री कृष्ण गोपाल मिश्र की विशेष उपस्थिति भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। धार्मिक आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए राष्ट्रीय कथावाचक सुश्री आस्था दुबे द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भक्ति और ज्ञान की धारा में सराबोर होंगे। इस आयोजन में पाँड़ी महराज सिंह, महुआखेड़ा, चौपरा चौबिसा, हरदुआ सुम्मेर सिंह, पटी महराज सिंह, जमुनिया सुल्तान सिंह, चिलोद, बम्हौरी माला, सिमरी जालम सिंह सहित आसपास के अनेक गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करें। भक्ति, श्रद्धा और सनातन परंपरा का यह भव्य संगम निश्चित ही क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा और रामनाम की गूंज से वातावरण को पवित्र बनाएगा।

# जबेरा विकास मंच की मांगों को मिला समर्थन

संस्कृति राज्यमंत्री ने शीघ्र स्वीकृति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



आजादी से लेकर आज तक अपने विकास के लिए आंसू बहा रहे जबेरा में काफी समय से जबेरा के विकास के लिए संघर्षरत जबेरा विकास मंच की लंबित विभिन्न मांगों को अब जनसमर्थन के साथ साथ विभिन्न संगठनों का समर्थन मिलने लगा है जहाँ सोशल मीडिया पर जबेरा ग्राम एवम क्षेत्र के निवासी इन मांगों के समर्थन में अपनी बात रख रहे है एवम शीघ्र उन्हें पूर्ण किये जाने के लिए विभिन्न स्तरों पर बात पहुचाते है वही इसी कड़ी में विभिन्न संगठन भी अब इन मांगों का समर्थन करते हुए अपने अपने संगठनों के माध्यम से जबेरा विकास मंच की पूर्व से लंबित पचास सूत्रीय मांगो में से कुछ मांगो को शासन प्रशासन तक पहुचाने का कार्य कर रहे है इस दिशा में विगत दिवस जबेरा भारतीय जनता पार्टी मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे एवम सहारा ठाकुर ने संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निवास पर पहुँचकर छह सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौपा जिसमे जबेरा को नगर पंचायत बनाने , सिविल कोर्ट की स्थापना, माँ नर्मदा नदी नहर को जबेरा तक लाने, जबेरा शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर तक कक्षाएं चालू करने , जबेरा में सौंदर्यीकरण हेतु जबेरा उत्कृष्ठ विद्यालय से हित्तरवा नाला पुल एवम बड़े तालाब के पास हनुमान मंदिर से नहर तक मुख्य सड़क के बीच डिवाइडर एवम लाइटिंग करने की मांग की है । ज्ञात हो कि जबेरा को नगर पंचायत बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव स्वयं जबेरा आगमन पर कर चुके है जिसका प्रस्ताव अधिसूचना जारी करने हेतु शासन को जिला प्रशासन द्वारा भेजा भी जा चुका है किंतु उक्त प्रस्ताव में नगर पंचायत के बनने के मापदंड पूरे करने के हिसाब से आवश्यक ग्रामो की सीमाओं को जोड़कर नही भेजा गया है जिससे वह घोषणा अभी अपूर्ण है जिस में ग्रामीणों ने अपेक्षा की है कि जबेरा की समीपस्थ ग्राम पंचायतों खैरी सिंगौरगढ़ का कांटी गांव, विजयसागर पंचायत का बिछिया टोला एवम मुडेरी पंचायत तथा सुरई पंचयात का कोठाटोला सम्मिलित करते हुए एक नवीन प्रस्ताव भेजा जाए इन ग्रामो के ग्रामीण भी जबेरा से नजदीकी एवम उपरोक्त पंचायतों के मुख्यालय से दूरी के कारण जबेरा नगर पंचायत में सम्मिलित होने हेतु अपनी मांग रख चुके है। वही सिविल कोर्ट हेतु जमीन बाय पास के समीप आवंटित हो चुकी है किंतु किस कारण से निर्माण कार्य चालू नही हुआ इसे दूर कर शीघ्र निर्माण कराया जाए। उपरोक्त मांगो को शीघ्र पूर्ण कराने मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने आश्वासन दिया है।

# चैत्र नवरात्रि पर सैलवाड़ा में हुआ पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

## पुंसवन व विद्यारंभ संस्कार भी आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सैलवाड़ा में भव्य पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह पावन कार्यक्रम चंडी माता मैदान स्थित यज्ञशाला में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस महायज्ञ का आयोजन ग्राम की सरपंच श्रीमती नीतू रामेश्वर साहू द्वारा अपने पूरे परिवार के साथ किया गया। यह आयोजन उनके पुत्र दिव्यांश साहू के 20वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में तथा चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष जैसे पावन अवसरों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन श्री गायत्री शक्तिपीठ तेंदूखेड़ा के सान्निध्य में हुआ, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। महायज्ञ के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक संस्कारों का भी विशेष आयोजन किया गया। इसमें पांच गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया, वहीं 15 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कर उन्हें शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया गया। इन संस्कारों का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर श्री राजू नामदेव एवं ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें वरिष्ठ समाजसेवी एवं गायत्री परिजन डॉक्टर जे.पी. खरे, शोभाराम नामदेव, मदन भैया, शिक्षक जे.पी. खरे, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, संतोष कुमार नेमा, बालकृष्ण नेमा, सुखवीर सिंह यादव, के.पी. गुप्ता, रामकुमार राय, अरुण खरे, सतीश खरे, तरुण खरे, मोतीलाल साहू, आशीष रैकवार, दशरथ रैकवार सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सहभागिता की। साथ ही शक्तिपीठ में संचालित महिला मंडल की सदस्याएं—श्रीमती कमलेश नामदेव, श्रीमती मधु नेमा, श्रीमती सरोज साहू, गुड्डी साहू, श्रीमती सविता साहू, श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती शिव कुमारी एवं श्रीमती कुसुम रानी साहू आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस भव्य आयोजन ने ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण करते हुए सामाजिक एकता, संस्कारों के महत्व एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

# शासन की आरटीई योजना से पढ़कर गरीब मजदूर के बेटे का नवोदय में हुआ चयन

**जबेरा।** जब कोई छात्र अभाव एवम गरीबी में पढ़कर किसी मुकाम पर पहुचता है तो वह स्वमेव चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा ही जबेरा जनपद के कलेहरा ग्राम में संचालित जॉय चिल्ड्रन अकादमी इंग्लिश मीडियम विद्यालय के एक छात्र ने शासन की जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर के कर दिखाया है। सुधांशु गौड़ शासन की छात्रों हेतु महत्वकांक्षी



निशुल्क योजना आर टी ई अधिनियम के अंतर्गत जॉय चिल्ड्रन अकादमी विद्यालय कलेहरा में कक्षा एल के जी से ही निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर अध्ययन कर रहा था । उसने बगैर किसी अलग से कोई कोचिंग न करते हुए अपने विद्यालय के ही शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवी तक अध्ययन करते हुए इस परीक्षा में सम्मिलित होकर कक्षा छटवी से नवोदय विद्यालय हटा में अध्ययन हेतु चयनित हुआ है छात्र एक साधारण गरीब परिवार का सदस्य है उसके पिता हीरा गौड़ मजदूर है । तथा कलेहरा ग्राम में निवास करते है। छात्र की सफलता में उनका परिवार बहुत खुश है और उन्होंने अपने बच्चे की सफलता पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के संचालक शिक्षक राहुल जैन , शुभि जैन, कैलाश ठाकुर, मुरली यादव ,सूरज यादव, श्रद्धा लोधी ,पूर्वी राजपूत, उषा लोधी ,पुष्पेंद्र राय ,संगीता राय सहित समस्त स्टाफ को इसके चयन के लिए अपनी ओर से आभार प्रकट किया है वही जबेरा क्षेत्र वासियों ने उसके चयन पर बहुत बहुत बधाई एवम शुभकामनाये प्रेषित की है।

# चैत्र नवरात्रि एवं नववर्ष की भक्ति और उत्साह के साथ हुई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदखेड़ा

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम रहा। प्रातः काल 4 बजे से ही बड़ी खेर माता एवं पुरानी खेर माता मंदिरों में श्रद्धालुजन नंगे पैर हाथों में जल से भरे लोटे लेकर पहुंचे और विधि-विधान से जल अर्पण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित सभी वर्गों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। चैत्र मास के साथ ही हिंदू नववर्ष वर्षप्रतिपदा का शुभारंभ भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के श्री राम मंदिर में धर्मप्रेमी एकत्रित हुए, जहां पूजा-अर्चना एवं मंगल कामनाओं के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसने नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। रैली के दौरान भक्तजन हाथों में ध्वज पताका लिए "जय श्री राम" के उद्घोष से पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। बाइक रैली पुनः श्री राम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां समापन उपरांत प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया गया कि आगामी रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।इस प्रकार नगर में चैत्र नवरात्रि एवं नववर्ष का प्रथम दिवस धार्मिक आस्था, उत्साह और सामूहिक एकता का प्रतीक बनकर मनाया गया।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न



**हटा।** भाजपा नगर मंडल हटा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान हटा नगर के काशी रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में उद्घाटन सत्र के साथ कुल सात सत्र प्रथक प्रथक विषयो में अलग अलग वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं के मध्य रखे गए। जिसमे हमारी कार्य पद्धति, हमारा वैचारिक अनिष्ठान मीडिया, सोशल मीडिया एवं एआई के साथ नमो सरल एप, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात, भाजपा का इतिहास एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में जिला महामंत्री अरुण तिवारी विधायक श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, जिला मंत्री सुधा सेन, वर्ग मंडल प्रभारी प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष भोले सराफ द्वारा उद्घाटन सत्र की शुरुआत पार्टी के प्रेरणा पुरुषों एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि के साथ हुआ। प्रशिक्षण अभियान में पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केन्द्र के संयोजक मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री आपेक्षित रहे। प्रशिक्षण अभियान में मंचीय व्यवस्था रत्नेश खटीक, गुड्डू गुप्ता, पंजीयन व्यवस्था नारायण तंतुवाय, देवांश तंतुवाय, वीरेंद्र अहिरवार, प्रमोद पटेल, आवास व्यवस्था लक्ष्मीनारायण साहू, जगत सिंह, भोले ताम्रकार, हितेश सोनी, वर्ग सुरक्षा व्यवस्था रवि सोनी, बिट्टू सोनी, भोजन व्यवस्था राकेश नंदेव, गुड्डा भाटिया, वर्ग नियंत्रक महामंत्री मयंक खटीक एवं वर्ग संयोजक महामंत्री रमाकांत सराफ एवं वर्ग व्यवस्था प्रमुख सोमिल हजारी, रीना कोरी, स्वेता श्रीवास्तव, शिवशंकर कुशवाहा रहे।

# गड़बड़ियां: अधिकारी की चुप्पी सरपंच-सचिव की कलाकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

प्रदेश की मोहन सरकार जहां रोजगार और विकास योजनाओं को पारदर्शी बनाने के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ताजा मामला ग्राम पंचायत नोहटा से सामने आया है, जहां सरपंच, सचिव और सहायक सचिव की मिलीभगत से सरकारी राशि का खुलेआम बंदरबांट किए जाने के आरोप लगे हैं। मामला फेरिफरल पत्थर बांध निर्माण कार्य, कोमल रैकवार के खेत से जगदीश राय के खेत की ओर का बताया जा रहा है। इस कार्य को लेकर सिस्टम पर दर्ज रिकॉर्ड में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सिस्टम पर अपलोड किए गए मजदूरों के विवरण में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा किया गया है। एक व्यक्ति की फोटो पर दूसरे का नाम दर्ज किया गया है। जिसमें मक्खू खान की जगह राम सिंह लोधी का नाम दर्ज किया गया, जबकि अन्य प्रविष्टियों में भी इसी तरह की गड़बड़ी सामने आई है। सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब सिस्टम में दर्ज मजदूरों को मौके पर जाकर देखा गया—निर्धारित स्थल पर एक भी मजदूर काम करते नहीं मिला। इसके बावजूद हफ्तों तक फर्जी मास्टर रोल तैयार कर भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो बड़े स्तर के भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी—सीईओ और एसडीओ—की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण मिल रहा है। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है या फिर जिम्मेदारों की चुप्पी यूं ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती रहेगी। वही इस संबंध में जनपद पंचायत के एसडीओ शिवजी गोंड से फोन पर संपर्क किया गया तो उनका नंबर स्विच ऑफ आया। वही सरपंच नोहटा का कहना है कि जिनकी फोटो लगी है वहीं मजदूर कार्य कर रहे हैं इतना कहकर फोन काट दिया गया दोबारा संपर्क करने पर फोन रिसीव नहीं किया गया।

# खेल मैदान में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त, एसडीएम ने ठेकेदार को दी अंतिम चेतावनी

**सिंग्रामपुर।** अखवारों में प्रकाशित खबरों का "एक करोड़ के खेल मैदान में तलैया खबर का असर अब प्रशासनिक कार्रवाई के रूप में सामने आया है। खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और सिंग्रामपुर में आरईएस विभाग द्वारा करीब एक करोड़ की लागत से निर्माणाधीन रानी दुर्गावती खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम तेंदूखेड़ा छोटी गिरी गोस्वामी स्वयं मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, उसने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मैदान में मानकों के विपरीत पीली मिट्टी और पत्थर डाले गए थे, वहीं कई हिस्सों में कार्य अधूरा और लापरवाहीपूर्ण पाया गया। हालात को देखते हुए एसडीएम ने मौके से ही ठेकेदार को फोन लगाकर कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, अन्यथा भुगतान रोककर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीओ शिवाजी सिंह को विशेष रूप से निगरानी बढ़ाने और कार्य को मानक अनुसार कराने की हिदायत दी गई। ग्रामीणों द्वारा पहले ही आरोप लगाए गए थे कि मैदान में तलैया की अमानक मिट्टी डाली गई है और जांच से पहले ही रातों-रात मिट्टी फैलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। इस पूरे मामले को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

निरीक्षण के दौरान कमजोर गेट निर्माण, मैदान में फैले पत्थर और अधूरे कार्य ने भविष्य में संभावित हादसों की आशंका भी बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने हायर सेकेंडरी स्कूल के टूटे टैंक की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी, जिस पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी ने बताया कि अखबारों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से मामला संज्ञान में आया था। मौके पर निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई हैं और निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो भुगतान रोकने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा।

प्रशासन ने दो टूक कहा है कि जब तक निर्माण एजेंसी तय मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करती, तब तक ग्राम पंचायत खेल मैदान को हैंडओवर नहीं लेगी।

गौरतलब है कि जबेरा क्षेत्र के अन्य निर्माण कार्यों में भी पूर्व में इसी ठेकेदार पर गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं, जहां बाउंड्री वॉल में दरारें और शौचालय की दीवारें झुकने जैसी शिकायतें सामने आई थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि सुधार कार्य कराने के बजाय रंग-रोगन कर खामियों को छिपाने की कोशिश की गई।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी, एसडीओ शिवाजी सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, सचिव राकेश सिंह सहित गोलू साहू, अजय राय और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन की सख्ती के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि खेल मैदान का निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा।

# गरज-चमक, आंधी-तूफान और झमाझम बारिश का कहर

## किसानों की बढ़ी चिंता, गेहूं-चना की फसल पर पानी का कहर, कटाई-गहाई पूरी तरह प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/जबेरा



क्षेत्र में गुरुवार शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। करीब आधे घंटे तक चली तेज गरज-चमक, आंधी-तूफान और झमाझम बारिश ने खेतों में खड़ी पककर तैयार गेहूं और चना की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बेमौसम बारिश से पहले ही चिंतित किसानों के लिए यह बारिश किसी आपदा से कम नहीं रही। बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण कई खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई, जिससे कटाई में अब अतिरिक्त समय और लागत लगेगी। वहीं जिन किसानों ने पहले ही फसल काटकर खेतों में रखी थी, उनकी उपज पूरी तरह भीग गई। कई जगह किसान तिरपाल और प्लास्टिक शीट से फसल को बचाने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन तेज हवा और लगातार बारिश के कारण यह प्रयास भी नाकाफी साबित हुआ।

ग्रामीण अंचलों के किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं और चना की कटाई और गहाई अपने चरम पर थी, लेकिन बारिश के कारण पूरा काम ठप हो गया है। खेतों में पानी भर जाने से हार्वेस्टर और अन्य कटाई मशीनें नहीं चल पा रहीं। वहीं गीली फसल को सुरक्षित भंडारित करना भी बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे नुकसान और बढ़ने की आशंका है।

किसान अवधेश, दीपक, महेश और शंभू ने बताया, "हमने फसल की कटाई शुरू ही की थी कि अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश शुरू हो गई। अब पूरी फसल भीग चुकी है, जिससे काफी नुकसान होने की संभावना है।"

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय की बेमौसम बारिश गेहूं की गुणवत्ता पर सीधा असर डालती है। बालियों में नमी बढ़ने से दाने सिकुड़ सकते हैं और उनमें काला पड़ने या अंकुरण की समस्या भी आ सकती है। वहीं चना की फसल में भी दानों के खराब होने और सड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बाजार में फसल का दाम कम मिलने की संभावना रहती है।

स्थिति को और गंभीर बनाते हुए क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे किसानों और ग्रामीणों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से सिंचाई, भंडारण और अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित हुए हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले दो दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ और धूप नहीं निकली, तो नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। ऐसे में किसानों को फसल को जल्द से जल्द सुखाने और सुरक्षित रखने के उपाय करने की सलाह दी जा रही है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। फिलहाल, किसान आसमान की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं कि मौसम जल्द साफ हो और वे अपनी फसल को बचा सकें।

### तेजगढ़ अंचल में बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

तेजगढ़। तेजगढ़, पतलौनी, करौंदी, सिंगौरगढ़ और परासई सहित अनेकों गांवों के किसानों ने बताया कि तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हैं। चना, मसूर और गेहूं जैसी प्रमुख रबी फसलें इस समय तैयार अवस्था में थीं, ऐसे में बारिश होने से नुकसान की आशंका है। किसानों का कहना है कि अंधेरा और लगातार बारिश के चलते रात में समाचार भेजने तक नुकसान का सही आकलन नहीं हो सका। स्थिति का पता सुबह चलेगा। तेज हवा और बारिश के कारण कई जगह फसलें गिरने की खबरें सामने आ रही हैं। अगर नुकसान ज्यादा हुआ, तो किसानों के लिए बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है।

# हिंदू नव वर्ष पर निकली वैश्य महासम्मेलन की बाइक रैली



**दमोह।** वैश्य महा सम्मेलन के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर जी गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल जी के निर्देशन में संपूर्ण मध्य प्रदेश में हिंदू नव वर्ष व वैश्य दिवस पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में वैश्य महासम्मेलन के द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में दमोह में भी जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला कलेक्टर प्रभारी अनिल राठौर के द्वारा वैश्य झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता जिला प्रभारी पदम इटोरिया संभागीय युवा प्रभारी जुगल अग्रवाल युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी महिला प्रभारी विद्या असाटी महिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता महिला नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, गणेश अग्रवाल,अनिल नेमा रवि शंकर अग्रवाल कल्पित साहू शैलेंद्र जैन, राजकुमार नामदेव विष्णु गुप्ता, कैलाश सेलार लखन केशवानी,सहित बड़ी संख्या में वैश्य सम्मेलन के विभिन्न घटकों के लोग मातृशक्ति कंचन असाटी नंदा असाटी रजनी साहू अमिता जैन सरोज अग्रवाल की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का स्वागत सुरेखा ऑटो पाट्र्स अनिल अग्रवाल, एंपोरियम, सचिन असाटी जी, हनुमान गढ़ी स्वीट्स ,कैलाश भंडार विष्णु गुप्ता , कैलाश शेलर जी पूर्व अध्यक्ष द्वारा प्रसाद मिष्ठान कोल्डरिंग एवं पुष्प वर्षा से किया गया। एक बग्गी में माता लक्ष्मी का चित्र तो दूसरी बग्गी पर देवी स्वरूप प्रियांशी अविका ,मान्या सुशोभित रही। वहीं दमोह जिले के बटियागढ़ तेंदूखेड़ा में भी वैश्य महासम्मेलन की तहसील इकाइयों के द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### निशी असाटी का शानदार प्रदर्शन

**दमोह।** जिले के आमचौपरा निवासी एवं ग्राम पंचायत बिसनाखेड़ी में सहायक सचिव खेमचंद असाटी (दिनेश) की सुपुत्री निशी असाटी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है,निशी ने कक्षा 5वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर 106वीं रैंक प्राप्त की है। इतना ही नहीं, निशी ने श्री गुरु नानक हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 5वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करते हुए 99.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए है,इस उत्कृष्ट सफलता पर उन्हें विद्यालय द्वारा ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। निशी की इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता मेहा असाटी एवं खेमचंद असाटी (दिनेश) गौरवान्वित हुए है।

### रामनाथ राय ने कांग्रेस सचिव पद से दिया इस्तीफा

**हटा।** दमोह जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता रामनाथ राय को हाल ही में घोषित कार्यकारिणी में जिला सचिव के पद पर घोषणा की गई थी लेकिन राय द्वारा पद को अस्वीकार करते हुए कांग्रेस कमेटी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुझे जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया है मैं इस पद को अस्वीकार करते हुए त्यागपत्र दे रहा हूं मैं कांग्रेस का कार्य करता बना रहूंगा क्योंकि मैं लगातार 20 वर्षों से जिला महामंत्री के पद पर कार्य करता रहा हूं क्योंकि जिला सचिव पद महामंत्री से नीचे होता है इसलिए मैं सचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

# माताराानी की झांकी का हुआ नगर आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन संपूर्ण जबेरा नगर भक्ति में डूब गया माता रानी के दरबार खेर माता परिसर में सुबह से ही जल ढारने वालों की लंबी कतार लगी रही एवं नरसिंह देवालय में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की स्थापना की जानी है। इसी भक्ति क्रम में जनपद जबेरा के नोहटा ग्राम में भी चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला, जैसे ही माता रानी की भव्य झांकी का नगर आगमन हुआ। डीजे और बाजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरे उत्साह के साथ माता रानी का स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झांकी बाल खंडन माता मंदिर परिसर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ माता रानी का स्वागत एवं पूजन किया। नवरात्रि के अवसर पर जहां एक ओर श्रद्धालु अपने-अपने घरों के देव स्थानों पर माता की आराधना कर रहे हैं, वहीं मंदिरों में भी विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। बाल खंडन माता मंदिर, नोहटा में बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता रानी की प्रतिमा को विधिवत विराजमान किया गया। झांकी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें सिर पर कलश रखे कन्याएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस वर्ष का विशेष आकर्षण यह है कि लगातार दूसरे वर्ष माता महाकाली की विराट प्रतिमा को भी मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आ रहा है, जहां श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक माता रानी की सेवा और आराधना में लीन रहेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ

# ग्राम घोघरी में सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन



पथरिया। क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम रजवांस में 25 लाख रूपये की लागत से नव-निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं ग्राम में घोघरी में 15 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की मेंड़ पर कुदाल चलाकर आयोजित गरियामय समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री ने कहा प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण की शुरुआत हुई, राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कई ग्रामों में बने तालाब जर्जर हो चुके हैं या संसाधनों के अभाव में अधूरे हैं। इस अभियान के माध्यम से ऐसे तालाबों का सुधार एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा। उन्होने कहा, इस अवसर पर ग्राम घोघरी में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन भी किया गया। यह पंचायत शहर से जुड़ी हुई है, जिससे भविष्य में स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलान सिंह अहिरवार, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल,पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित पटेल,सरपंच श्रृद्धा शरद जैन, सीईओं के के पाण्डे, सहायक यंत्री राम भरत कटारे, सचिव अनीश खान सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# आचार्यश्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र के अध्यक्ष पद हेतु 13 मार्च को चुनाव संपंन हुआ था, जिसमें संजय कुमार जैन पारसमणि को मतगणना उपरांत अध्यक्ष घोषित कर निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त टीम ने प्रमाण पत्र दिया। इसके उपरांत गुरूवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार जैन ने बैठक आयोजित कर प्रबंध कार्यकारणी कमेटी का गठन किया जिसमें विवेक कुमार चौधरी उपाध्यक्ष, संदीप कुमार मोदी उपाध्यक्ष, अमरचंद जैन महामंत्री, कुलदीप मोदी कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार जैन रियाना मंत्री, श्रीमती ज्योति विवेक कुमार जैन सह मंत्री, सत्येंद्र कुमार जैन शिक्षक सचिव, राविन कुमार सिंघई सह सचिव, विकास कुमार पांडे प्रचार मंत्री, राहुल जैन सह कोषाध्यक्ष, राजकुमार जैन सहप्रचार मंत्री, प्रकाश चंद्र जैन विधि सलाहकार, श्रीमती स्वाति सिंघई विशिष्ट सदस्य, श्रीमती ज्योति नायक विशिष्ट सदस्य एवं शरद गोयल को विशिष्ट सदस्य के रूप में पदभार दिया गया। समस्त सदस्यों की नियुक्ति पर लोगों ने बधाईयां दी।

# पथरिया में 195 करोड़ की लागत से बनेगी रिंग रोड, दो फ्लाईओवर भी

**तहसील स्तर पर स्वीकृत हुआ प्रदेश का पहला रिंग रोड, तेजी से होगा विकास : राज्यमंत्री**

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बताया कि यहाँ 195 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड निर्माण की स्वीकृति मिल गई है, उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह प्रदेश का पहला रिंग रोड है, जिसे किसी तहसील मुख्यालय के लिए स्वीकृत किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत दो फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे, जिससे यातायात सुगम और व्यवस्थित हो सकेगा। उन्होंने जानकारी दी कि रिंग रोड का निर्माण दमोह रोड से प्रारंभ होकर पथरिया नगर के बाहरी क्षेत्र से किया जाएगा और यह चारों ओर से शहर को घेरते हुए एक बिंदु पर आकर जुड़ेगा। इससे शहर के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आवागमन आसान होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि जहां भी बाईपास या रिंग रोड बनता है, वहां विकास की गति तेज हो जाती है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकता होती हैं और बेहतर सड़क संपर्क होने पर लोग नए क्षेत्रों में बसने के लिए आकर्षित होते हैं।

# विधायक करेंगें विकास कार्यों का लोकार्पण

**दमोह।** क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 20 मार्च 2026 को लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम दतला में शाम 4:30 बजे अहिरवार मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा, जिसकी निर्माण लागत लगभग 10 लाख रुपये है। इसके पश्चात शाम 05 बजे ग्राम सेमरा मडिया में शेड के नीचे सीसी निर्माण कार्य का लोकार्पण होगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में लोकार्पण ग्राम अभाना में शाम 5:30 बजे पटेल मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन का होगा, जिसकी लागत 25 लाख रुपये बताई गई है।

# सभी पर्वों को सौहार्द, भाईचारे से मनाने शांति कमेटी की हुई बैठक



**पटेरा।** पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर द्वारा आगामी पर्वों, नवरात्र, ईद, रामनवमी, जवारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती एवं अंबेडकर जयंती भाई चारे से शांति पूर्वक मनाने को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अमले से प्रभारी तहसीलदार उमेश तिवारी भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने सभी पर्वों को परंपरानुसार भाई चारे से मनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन व पुलिस आपके सहयोग के लिए तत्पर है। सर्वप्रथम थाना प्रभारी श्री गुर्जर ने प्रत्येक पर्व के संबंध में जानकारी ली। नवरात्र पर देवी मंदिरों के समीप व नगर में साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखने एवं जवारे विसर्जन स्थल पर प्रकाश सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। परिषद ने सभी व्यवस्थाओं के लिए आश्वस्त किया।ईद के संबंध में शनिवार को सुबह ईदगाह व मस्जिद में नमाज अदा कर सभी परस्पर बधाई देंगे व परंपरानुसार कब्रिस्तान जा कर पूर्वजों से मुलाकात कार्य करेंगे। नवमी को जवारे विसर्जन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। रामनवमी पर एवं हनुमान जयंती पर आयोजन समितियां तैयारी कर पूरी जानकारी पुलिस थाना को देंगे। महावीर जयंती परंपरानुसार मनाई जाएगी जिसकी जानकारी भी पुलिस को दी जाएगी। आंबेडकर जयंती भी परंपरानुसार मनाई जाएगी। थाना प्रभारी श्री गुर्जर ने कहा कि आप सभी पर्वों को भाईचारे से मनाए। पुलिस का जितना संभव होगा सहयोग करने तत्पर है। मुआरी सरपंच ने बताया कि ग्राम के करीब एक माह से कच्ची शराब बेची जा रही है पर पुलिस ने कहा कि ऐसे तत्वों की जानकारी आप तुरंत दे जिससे पुलिस कार्यवाही का पाए। अधिकारी द्वय को कमेटी सदस्यों ने आश्वस्त किया कि सभी पर्व शांति से मनाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से पं दयाशंकर चौबे, दीपक ताम्रकार, शंकर तंतुवाय, नरेंद्र बजाज, मुकेश गूजरे, नितिन ताम्रकार, बलराम पटेल, गोविंद चौरसिया, गनपत कोरी, डॉ सदाकत खान, रहवर खान, कलीमुद्दीन खान, वैभव ताम्रकार, नितिन शेंडे उपयंत्री, पटवारी धर्मेंद्र चक्रवर्ती, नीतेश चौरसिया, कमलेश नामदेव, सुनील पांडे, आनंद सिंह, पप्पू सिंह, महेंद्र चौरसिया सहित अनेक सदस्यों पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण से किशोरियों व युवाओं में बढ़ी संवैधानिक जागरूकता



**तेंदूखेड़ा।** समता विकास संस्थान, दमोह द्वारा ग्राम पंचायत सर्रा, ब्लॉक तेंदूखेड़ा में 16 से 18 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में "वी द प्यूपिल " अभियान, दिल्ली सहभागी संस्था के रूप में जुड़ा रहा। कार्यक्रम का मुख्य विषय "संविधान से समाधान" रखा गया, जिसके अंतर्गत बाल विवाह, लिंग भेदभाव तथा स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सर्रा, मँझगुवा, फुलर, देवरीखेड़ा, भैसा एवं सरसेला ग्रामों से कुल 20 किशोरी बालिकाएं एवं 15 किशोर युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम, लिंग समानता को बढ़ावा देने तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने के व्यावहारिक उपायों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर कुलतार्थ जी एवं सरस्वती जी ने प्रतिभागियों का क्षमता वर्धन करते हुए उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए नेतृत्व कौशल विकसित करने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि किस प्रकार किशोर-किशोरियां अपने गांवों में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर जे.पी. वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डीसीएम, ग्राम सरपंच दिनेश खरे सहित पूनम जी, दयाशंकर एवं मंजू तथा अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में नवरात्र पर होगा चार दिवसीय गरबा महोत्सव



**हटा।** मां की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में भव्य चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में पारंपरिक गरबा गीतों, रंग-बिरंगे परिधानों और माँ दुर्गा की भक्ति से सराबोर विशेष आरती का आयोजन होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में शहर भर के महिला श्रद्धालु और गरबा प्रेमी भाग लेंगे। इस गरबा महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक पुष्पेंद्र सिंह हजारी, आयोजक इंद्रप्रस्थ एकाडमी किस संचालक वीरेश अग्रवाल, संरक्षक थाना प्रभारी सुधीर बेगी होंगे। गरबा महोत्सव कमेटी द्वारा बताया गया कि चार दिवसीय गरबा महोत्सव की मुख्य की शुरुआती 23 मार्च पंचमी से 26 मार्च दुर्गा अष्टमी तक आयोजित किया जावेगा। आयोजन प्रतिदिन संध्या आरती के बाद 8:30 बजे से चारों दिवस अलग-अलग विविध धार्मिक गरबा रास के साथ किया जावेगा। कार्यक्रम के संरक्षक थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि गरबा महोत्सव का उद्देश्य चैत्र नवरात्रि में शक्ति की उपासना के साथ सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखना है इसी के साथ श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा की उपासना भक्ति भाव क साथ की जाती है। उन्होंने नगर के लोगों से गरबा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# गंगा संवर्धन अभियान का विधायक हटा ने श्रमदान कर किया शुभारंभ



दमोह। मप्र में से जल गंगा संवर्द्धन अभियान का हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रनेह में हटा विधायक उमादेवी खटीक ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत भवन के पीछे स्थित तालाब में साफ-सफाई गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने यहां श्रमदान भी किया। इस दौरान हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, कन्हैया लाल पटेल, जनपद सीईओ संजीव गोश्वामी, थाना प्रभारी चंदन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# आबकारी दुकानों के स्थान परिवर्तन का विरोध, ज्ञापन सौंपा



**तेंदूखेड़ा।** नगर में प्रस्तावित आबकारी दुकानों के स्थान परिवर्तन को लेकर नागरिकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। वर्तमान में नगर में आबकारी की दो दुकानें संचालित हैं, जिनमें से एक बस स्टैंड के पास जबलपुर मुख्य मार्ग पर तथा दूसरी दमोह मार्ग स्थित तहसील मार्ग पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा इन दोनों दुकानों के स्थान परिवर्तन का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत एक दुकान को नायरा पेट्रोल पंप के समीप चौरई मार्ग पर तथा दूसरी दुकान को बस स्टैंड क्षेत्र में सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास वाली गली में स्थानांतरित किए जाने की योजना है। जैसे ही इस प्रस्तावित परिवर्तन की जानकारी नगरवासियों और संबंधित वार्डों के निवासियों को प्राप्त हुई, उन्होंने इसका विरोध प्रारंभ कर दिया। वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के निवासियों द्वारा मंगलवार को संगठित होकर इस विषय में आपत्ति दर्ज कराई गई, वहीं वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर सहित नगर के अन्य नागरिकों ने भी एकजुट होकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से दोनों प्रस्तावित स्थानों पर आबकारी दुकानों के संचालन का विरोध किया गया है।भगवती मानव कल्याण संगठन सभी सदस्य धीरज सिंह ठाकुर जामुनखेड़ा, राजकुमार लोधी जामुन खेड़ा, कुशल सिह लोधी भौंडी नरेंद्र सिंह जामुनखेड़ा ,धनी रामपाल पिंडरई खेड़ा एवं , ऋषभ कुमार सिंघई , अनिल कुमार जैन , मुकेश जैन सनाई , आलोक किराना सनाई ,धर्मेंद खटीक , राजकुमार लोधी जामुन खेड़ा, अमित जैन , देवेंद्र जैन सनई, सतीश तिवारी,कमल जैन का कहना है कि जिन स्थानों पर नई दुकानों को स्थानांतरित करने की योजना है, वे पूर्णतः रिहायशी क्षेत्र हैं। इन स्थानों के आसपास विद्यालय, मंदिर तथा अन्य सार्वजनिक स्थल स्थित हैं, जहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और परिवारजन आवागमन करते हैं। ऐसे में आबकारी दुकानों का संचालन सामाजिक वातावरण को प्रभावित कर सकता है और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इसके साथ ही वर्तमान में दमोह मार्ग पर तहसील के समीप संचालित आबकारी दुकान को लेकर भी लंबे समय से विरोध जारी है। इस मार्ग पर बड़ी खेर माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।